प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet No.

# प्रश्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET

# GAMMA21

प्रश्न पुस्तिका श्रेणी
Question Booklet Series

**D**

समय / Time : **2.00** घंटे / Hours | पूर्णांक / Maximum Marks : **100**

D

## निर्देश

1. कृपया अपना अनुक्रमांक, प्रश्न पुस्तिका क्रमांक, पंजीयन सं., परीक्षा केन्द्र कोड, प्रश्न पुस्तिका श्रेणी, परीक्षा तिथि तथा पाली को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत प्रविष्टियाँ भरने पर अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा ।
2. परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की भली-भाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक **1** से अन्तिम क्रमांक **100** तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं सभी पृष्ठ क्रमवार **1** से **16** तक मौजूद हैं । किसी भी प्रकार की विसंगति होने पर प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक अंतरीक्षक से बदलवा लें । परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।
3. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
4. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए । ओवरराइटिंग और एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा तथा **ऐसे प्रत्येक उत्तर के लिए एक-चौथाई अंक काटा जाएगा ।** प्रश्न को अनुत्तरित छोड़ने पर शून्य अंक दिया जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: (A), (B), (C), (D) अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर **काले/नीले बॉल प्वाइंट पेन** से भरना है ।
6. कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन/ब्लूटूथ डिवाइस अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी ।
7. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की अस्पष्टता/त्रुटि हो तो प्रश्न का हिन्दी रूपान्तरण मान्य होगा ।
8. अभ्यर्थी परीक्षा-भवन छोड़ने से पहले यह प्रश्न पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की सभी तीनों प्रतियाँ अलग किये बिना अंतरीक्षक को सौंप दें, अन्यथा अभ्यर्थी उचित दण्ड/वैधानिक कार्रवाई के पात्र होंगे । ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की अभ्यर्थी प्रति अंतरीक्षक द्वारा अलग करके उन्हें दे दी जायेगी ।

GA2M0MA2!&!1QURVSWTX*GA2M0MA2!&!1QURVSWTX*GA2M0MA2!&!1QURVSWTX*GA2M0MA2!&!1QURVSWTX*GA2M0MA2!&!1QURVSWTX*GA2M0MA2!&!1QURVSWTX*GA2M0MA2!&!1QURVSWTX*

## INSTRUCTIONS

1. Please correctly fill your entries i.e. Roll No., Question Booklet No., Registration No., Exam Centre Code, Question Booklet Series, Date of Examination and Shift in OMR Answer Sheet. Candidate will themself be responsible for filling wrong entries.
2. At the start of the examination check your Question Booklet and OMR Answer Sheet and ensure that questions from S.No. **1** to last S.No. **100** are printed and pages from S.No. **1** to last S.No. **16** are there in the Question Booklet. In case of any discrepancy the candidate should replace the Question Booklet and OMR Answer Sheet from the invigilator. No objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.
3. Answer all questions. All questions carry equal marks.
4. Only one answer is to be given for each question. Overwriting and marking multiple answers will be considered as wrong answers and **1/4 mark will be deducted for each such answer**. Leaving a question unanswered will get zero mark.
5. Each question has four alternative responses marked serially as (A), (B), (C), (D). You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the OMR Answer Sheet using **BLACK/BLUE BALL POINT PEN**.
6. Use of Calculator, Mobile Phone/Bluetooth devices or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. If any such prohibited material found with any candidate, strict action will be taken against him/her as per rule.
7. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature in Hindi and English Version of the question, the Hindi Version will be treated as standard.
8. Before leaving the Examination Hall candidate must handover the Question Booklet and all the three copies of OMR Answer Sheet to the invigilator without separating it, otherwise candidate will be liable for appropriate penal/legal action. Invigilator will handover the candidate's copy of OMR Answer Sheet after separating it.

**इस प्रश्न पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।/Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**

**निर्देश (1-5) :** निम्नांकित रेखाचित्र में सीमेंट का विभिन्न वर्षों के दौरान उत्पादन (मिलियन टन में) दर्शाया गया है । इसका अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :


**Directions (1-5) :** The following graph shows the production of cement in Million Tonnes during the various years. Study the same and answer the following questions correctly :

**सीमेंट का उत्पादन**

(मिलियन टन में)

**Production of Cement**

(In Million tonnes)




**1.** सीमेंट का अधिकतम उत्पादन दर्ज हुआ इस वर्ष :

The maximum production of cement was noted in the year :

(A) 2018-19 (B) 2013-14
(C) 2017-18 (D) 2014-15

**2.** वर्ष 2011–12 के दौरान उत्पादन वृद्धि प्रतिशत पिछले वर्ष की तुलना में था

The percentage increase in production during 2011-12 over its previous year was :

(A) 37.5%
(B) 31.8%
(C) इनमें से कोई नहीं / None of these
(D) 36%

**3.** उत्पादन अधिकतम स्तर तक इस वर्ष घटा :

The production fell down to the maximum extent in the year :

(A) 2016-17 (B) 2012-13
(C) 2019-20 (D) 2015-16

**4.** उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष _______ के दौरान अधिकतम वृद्धि हुई ।

The increase in production was maximum during the year _______ over its previous year.

(A) 2014-15 (B) 2013-14
(C) 2018-19 (D) 2017-18

**5.** प्रथम तीन वर्ष दौरान औसत उत्पादन था


The average production during the first three years was :

(A) 48 MT (B) 44 MT
(C) 50 MT (D) 46 MT

**निर्देश (6-10) :** दिया गया ग्राफ एक वस्तु X के आयात को 2013 से 2019 के मध्य करोड़ रुपये में दर्शाता है । दर्शाए गए चित्र पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें ।

**Directions (6-10) :** The following graph shows the import of a certain commodity X in Crore Rupees between 2013 and 2019.

The questions are based on the shown figure. Answer these questions.




**6.** X के औसत आयात से अधिक आयात और X के औसत आयात से कम आयात के वर्षों का अंतर है –

The difference of the numbers of years in which import of X is less than the average import and in which import of X is more than the average import is

(A) 1 (B) 3
(C) 0 (D) 2

7. वर्ष 2018-19 के दौरान X के आयात में प्रतिशत वृद्धि सभी वर्षों के X के आयात के उसके औसत से कितनी है ?

The percentage increase in import of X during 2018-19 over its Average of Import of X of all years ?

(A) 70.6% (B) 50.9%
(C) 64.38% (D) 63.5%

8. वर्ष 2014-15 से 2015-16 के दौरान X के आयात में वृद्धि प्रतिशत है –

Percent increase in import of X from 2014-15 to 2015-16 is

(A) 28.8% (B) 43.0%
(C) 25.0% (D) 33.3%

9. सभी वर्षों के लिए वर्ष दर वर्ष X के आयात की वृद्धि का औसत (₹ करोड़ में) है

Average of the increase in import of X year by year for all the years is (in ₹ crore)

(A) 325
(B) 260
(C) इनमें से कोई नहीं / None of these
(D) 280

10. विगत कितने वर्षों तक X का आयात, X के औसत आयात से अधिक था ?

For how many years, there was more import of X, than the average import of X ?

(A) 2 (B) 4
(C) 1 (D) 3

**निर्देश (11-15) :** दी गई तालिका/सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दें :

**Directions (11-15) :** Study the table and answer the given questions.

निम्न तालिका में चार व्यक्ति A, B, C तथा D सप्ताह के विभिन्न दिनों पर वस्तुओं की बिक्री कर रहे हैं :

In the following table four persons A, B, C and D are selling items on different days of the week.

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| सोमवार/ Monday | 40 | 45 | 25 | 20 |
| मंगलवार/ Tuesday | 35 | 50 | 48 | 26 |
| शुक्रवार/ Friday | 25 | 28 | 15 | 41 |
| शनिवार/ Saturday | 30 | 40 | 45 | 40 |

11. सप्ताह के सभी चार दिनों में D वस्तु की बिक्री की तुलना में B वस्तु की बिक्री में कितने प्रतिशत की वृद्धि आई ?

Percent increase for selling of items B compare with Selling of items D in all four days of weeks is

(A) 18.3% (B) 29.1%
(C) 28.3% (D) 19.5%

12. सोमवार को बेची गई वस्तुओं की औसत और शुक्रवार को बेची गई वस्तुओं की औसत के मध्य कितना अंतर है ?

What is the difference between the average of items selling on Monday to average items selling on Friday ?

(A) 5.25 (B) 10.5
(C) 6.45 (D) 7.40

13. मंगलवार को A द्वारा बेची गई वस्तु तथा शनिवार को C द्वारा बेची गई वस्तु का अनुपात क्या था ?

What was the ratio of item sold by A on Tuesday & items sold by C on Saturday ?

(A) 6 : 5

(B) 9 : 7

(C) 8 : 7

(D) 7 : 9

14. सोमवार को D द्वारा बेची गई वस्तु, शनिवार को C द्वारा बेची गई वस्तु का कितना प्रतिशत थी ?

Items sold by D on Monday is what percent of item sold by C on Saturday ?

(A) 44.44%

(B) 42.60%

(C) 32.70%

(D) 49.55%

15. B, C तथा D द्वारा क्रमशः सोमवार, मंगलवार तथा शनिवार को बेची गई वस्तुओं का औसत क्या है ?

What is the average of the items sold by B, C and D on Monday, Tuesday and Saturday respectively ?

(A) 46.66

(B) 44.33

(C) 45.90

(D) 42.50

**निर्देश (16-20)** : दी गई तालिका/सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दें :

**Directions (16-20)** : Study the table and answer the given questions.

**भारत में 2010-2017 के मध्य फसलों का उत्पादन**

**Production of Crops in India during 2010-2017**

**(टन में) / (In tonnes)**

| वर्ष / Year | गेहूँ / Wheat | चावल / Rice | बाजरा / Bajra | मक्का / Maize | जौ / Barley | दालें / Pulses | आलू / Potatoes |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2010-11 | 6121 | 874 | 565 | 80 | 300 | 415 | 210 |
| 2011-12 | 7010 | 964 | 655 | 60 | 312 | 417 | 220 |
| 2012-13 | 7112 | 960 | 780 | 55 | 210 | 680 | 222 |
| 2013-14 | 7056 | 985 | 1110 | 40 | 200 | 310 | 245 |
| 2014-15 | 6896 | 716 | 1160 | 90 | 216 | 370 | 315 |
| 2015-16 | 6912 | 826 | 1450 | 110 | 160 | 300 | 400 |
| 2016-17 | 7617 | 812 | 1460 | 75 | 216 | 260 | 445 |

16. 2016-17 के मध्य इनमें से किस फसल के उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में गिरावट दर्ज की गई ?

(A) चावल (B) जौ

(C) आलू (D) बाजरा

During 2016-17, which of the following crops showed decrease in production in comparison to the previous year ?

(A) Rice (B) Barley

(C) Potatoes (D) Bajra

17. आलू का उत्पादन 2015-16 में 2010-11 का अंदाजन कितना गुणा है ?

The production of potatoes in 2015-16 is approximately how many times that in 2010-11 ?

(A) 2.10

(B) 1.82

(C) 1.90

(D) 2.00

18. गेहूँ उत्पादन में किस वर्ष के दौरान गिरावट दिखाई दी ?

Wheat production started showing a slump during :

(A) 2014-15 (B) 2013-14
(C) 2016-17 (D) 2015-16

19. इनमें से किस फसल में 2013-2017 के मध्य उत्पादन में लगातार वृद्धि दर्ज की गई ?

(A) दालें (B) मक्का
(C) बाजरा (D) जौ

Which of the following crops showed the continuous increase in production during 2013-2017 ?

(A) Pulses (B) Maize
(C) Bajra (D) Barley

20. 2010-11 से 2016-17 की अवधि के मध्य आलू का औसत उत्पादन कितना है ?

(A) 353.96 टन
(B) 300.00 टन
(C) 253.86 टन
(D) 293.86 टन

What is the average yield of potatoes during the period 2010-11 to 2016-17 ?

(A) 353.96 tonnes
(B) 300.00 tonnes
(C) 253.86 tonnes
(D) 293.86 tonnes

21. भारतीय इतिहास में धनवन्तरी कौन थे ?
(A) हर्ष के समय के एक प्रसिद्ध नाटककार
(B) चंद्रगुप्त मौर्य के प्रसिद्ध सेनापति
(C) इनमें से कोई नहीं
(D) चंद्रगुप्त विक्रमादित्य की सभा को सुशोभित करने वाले प्रसिद्ध चिकित्सक

In Indian History who was Dhanvantari ?
(A) A famous dramatist who lived during the time of Harsha
(B) A famous general of Chandragupta Maurya
(C) None of these
(D) A noted physician who adorned the court of Chandragupta Vikramaditya

22. निम्नलिखित किस क्रम में भारत आए ?
I. टामस रो
II. फाह्यान
III. ह्वेनसांग

In which order did the following come to India ?
I. Thomas Roe
II. Fa-hien
III. Hiuen-Tsang

(A) II, III, I (B) I, II, III
(C) III, I, II (D) II, I, III

23. सिराज़-उद्-दौला किस युद्ध में अंग्रेजों से पराजित हुआ था ?
(A) वाण्डिवाश (B) बक्सर
(C) इनमें से कोई नहीं (D) प्लासी

Siraj-ud-daula was defeated by British in the battle of :
(A) Wandiwash (B) Buxar
(C) None of these (D) Plassey

24. इनमें से कौन 'हड़प नीति' का कट्टर समर्थक था ?
(A) लॉर्ड मिंटो (B) लॉर्ड वेलेज़ली
(C) लॉर्ड हेस्टिंग्स (D) लॉर्ड डलहौजी

Who among the following was the great protagonist of the 'Doctrine of Lapse' ?
(A) Lord Minto
(B) Lord Wellesley
(C) Lord Hastings
(D) Lord Dalhousie

25. निम्न का मिलान करें :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | इंडियन नेशनल आर्मी | 1. | लाला हरदयाल |
| b. | गदर पार्टी | 2. | सुभाषचन्द्र बोस |
| c. | मित्र मेला | 3. | वी.डी. सावरकर |
| d. | होम रूल लीग | 4. | एनी बेसेन्ट |

Match the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | Indian National Army | 1. | Lala Hardayal |
| b. | Ghadar Party | 2. | Subhash Chandra Bose |
| c. | Mitra Mela | 3. | V.D. Savarkar |
| d. | Home Rule League | 4. | Annie Besant |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (D) | 2 | 1 | 3 | 4 |

26. मौर्यकालीन भारत के विवरण वाली "इंडिका" के लेखक थे –

(A) ह्वेनसांग (B) मेगस्थनीज

(C) इनमें से कोई नहीं (D) फाह्यान

"Indica" which is an account of Mauryan India was authored by

(A) Hiuen-Tsang (B) Megasthenes

(C) None of these (D) Fa-hien

27. साइमन कमीशन किस वर्ष भारत में प्रथम बार आया ?

The Simon Commission first visited India in the year

(A) 1919 (B) 1925

(C) 1928 (D) 1926

28. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा किस अधिवेशन में ऐतिहासिक "पूर्ण स्वराज्य" (पूर्ण स्वतंत्रता) का प्रस्ताव पारित किया गया ?

(A) कराची (B) बम्बई

(C) लखनऊ (D) लाहौर

In which session, the Indian National Congress passed the historic "Poorna Swaraj" (complete independence) resolution ?

(A) Karachi (B) Bombay

(C) Lucknow (D) Lahore

29. माउण्ट एवरेस्ट पर प्रथम बार चढ़ाई किस वर्ष की गई ?

The Mt. Everest was first scaled in the year

(A) 1955 (B) 1951

(C) 1958 (D) 1953

30. निम्न में से किसने महात्मा गांधी के खिलाफत आन्दोलन से जुड़ने का विरोध किया ?

(A) मोहम्मद अली जिन्ना

(B) खान अब्दुल गफ्फार खान

(C) अबुल कलाम आजाद

(D) फ़जलुल हक

Who among the following opposed Mahatma Gandhi's association with the Khilafat movement ?

(A) Mohammed Ali Jinnah

(B) Khan Abdul Ghaffar Khan

(C) Abul Kalam Azad

(D) Fazlul Haque

31. इनमें से कौन सा क्रांतिकारी संगठन काकोरी षड्यंत्र केस में शामिल था ?

(A) अभिनव भारत ग्रुप

(B) गदर पार्टी

(C) हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन

(D) अनुशीलन समिति

Which of the following revolutionary groups was involved in Kakori Conspiracy Case ?

(A) Abhinav Bharat Group

(B) Ghadar Party

(C) Hindustan Republican Association

(D) Anushilan Samiti

32. नागार्जुन सागर बाँध किस नदी पर बना है ?

(A) गंगा (B) गोदावरी

(C) कावेरी (D) कृष्णा

The Nagarjunasagar Dam has been built across the river

(A) Ganga (B) Godavari

(C) Cauvery (D) Krishna

33. भरतपुर में स्थित पक्षी अभयारण्य/राष्ट्रीय उद्यान का नाम है
(A) केवलादेव घाना राष्ट्रीय उद्यान
(B) भैंसरोड़गढ़ अभयारण्य
(C) घाटप्रभा अभयारण्य
(D) दर्रा अभयारण्य

The name of the bird sanctuary/national park at Bharatpur is
(A) Keoladeo Ghana National Parks
(B) Bhensroadgarh Sanctuary
(C) Ghatprabha Sanctuary
(D) Darrah Sanctuary

34. भिलाई इस्पात संयंत्र के लौह अयस्क का स्रोत है
(A) उमरिया (B) दल्ली–राजहरा
(C) राजनांदगाँव (D) कोरबा

The source of iron ore for Bhilai Steel Plant is
(A) Umaria (B) Dalli-Rajhara
(C) Rajnandgaon (D) Korba

35. दिए गए दर्रों और उनके स्थानों का कौन सा जोड़ **सही नहीं है** ?

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जोजिला और बुरजिल | – जम्मू और कश्मीर |
| 2. | बारा लापचा ला और शिपकी ला | – उत्तर प्रदेश |
| 3. | थागा ला, नीति पास़ और लिपु लेख | – हिमाचल प्रदेश |
| 4. | नाथु ला और जेलेप ला | – सिक्किम |

(A) 3 और 4 (B) 1 और 2
(C) 1, 2 और 3 (D) 2 और 3

Which of the following passes and locations is/are **wrongly matched** ?

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Zojila and Burzil | – Jammu and Kashmir |
| 2. | Bara Lapcha La and Shipki La | – Uttar Pradesh |
| 3. | Thaga La, Niti Pass and Lipu Lekh | – Himachal Pradesh |
| 4. | Nathu La and Jelep La | – Sikkim |

(A) 3 and 4 (B) 1 and 2
(C) 1, 2 and 3 (D) 2 and 3

36. भारत में श्वेत क्रांति के जनक के रूप में कौन जाना जाता है ?
(A) एम.एस. स्वामीनाथन
(B) बलवंतराय मेहता
(C) नॉर्मन एडबर्ग
(D) डॉ. वर्गीस कुरियन

Who is known as father of White Revolution in India ?
(A) M.S. Swaminathan
(B) Balwant Rai Mehta
(C) Norman Edburg
(D) Dr. Verghese Kurian

37. किसके बढ़ने के फलस्वरूप निजी निवेश में वृद्धि की अधिक संभावना होगी ?
(A) नई पूँजी पर अनुमानित प्राप्ति
(B) ब्याज दर
(C) व्यक्तिगत कर
(D) शेयरों की कीमत

Private investment will be most likely to be increased as a result of a rise in
(A) Expected yield on new capital
(B) The rate of interest
(C) Personal taxation
(D) The price of shares

38. भारत की राष्ट्रीय आय का आकलन करने वाली संस्था है
(A) वित्त मंत्रालय
(B) आर.बी.आई.
(C) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन
(D) नीति आयोग

The agency estimating the National Income of India is
(A) Ministry of Finance
(B) RBI
(C) Central Statistical Organization
(D) NITI Aayog

39. सेवा क्षेत्र का दूसरा नाम क्या है ?
(A) द्वितीयक (B) तृतीयक
(C) कृषि (D) प्राथमिक

What is another name for the Service Sector ?
(A) Secondary (B) Tertiary
(C) Agriculture (D) Primary

40. भारत में आर्थिक सुधार 1991 के दौरान प्रधानमंत्री कौन थे ?

(A) डॉ. मनमोहन सिंह
(B) पी.वी. नरसिम्हा राव
(C) इनमें से कोई नहीं
(D) अटल बिहारी वाजपेयी

Who was the Prime Minister during economic reforms 1991 in India ?

(A) Dr. Manmohan Singh
(B) P.V. Narsimha Rao
(C) None of these
(D) Atal Bihari Vajpayee

41. भारत के संविधान में इनमें से क्या राज्य सूची में सम्मिलित नहीं है ?

(A) जेल
(B) पुलिस
(C) दण्ड प्रक्रिया संहिता
(D) कानून और व्यवस्था

Which one of the following is not included in the state list in the Constitution of India ?

(A) Prison
(B) Police
(C) Criminal Procedure Code
(D) Law and Order

42. निम्नलिखित में से क्या भारतीय संविधान की मुख्य विशेषता **नहीं** है ?

(A) शक्तियों का वितरण
(B) अर्ध संघीय संरचना
(C) लिखित संविधान और संविधान की सर्वोच्चता
(D) प्रतिबद्ध न्यायतंत्र

Which one of the following is **not** a salient feature of the Constitution of India ?

(A) Distribution of powers
(B) Quasi federal structure
(C) Written Constitution and Supremacy of the Constitution
(D) Committed judiciary

43. निम्न में से क्या भारतीय नागरिकों को आर्थिक न्याय प्रदान करता है ?

(A) राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत
(B) मौलिक अधिकार
(C) इनमें से कोई नहीं
(D) मौलिक कर्त्तव्य

What ensures economic justice to Indian citizens ?

(A) Directive Principles of State Policy
(B) Fundamental Rights
(C) None of these
(D) Fundamental Duties

44. भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद राज्य सरकारों को ग्राम पंचायतों के आयोजन के लिए निर्देशित करता है ?

(A) अनुच्छेद 44 (B) अनुच्छेद 38
(C) अनुच्छेद 46 (D) अनुच्छेद 40

Which Article of the Indian Constitution directs the state governments to organize village panchayats ?

(A) Article 44 (B) Article 38
(C) Article 46 (D) Article 40

45. त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का विचार किसने रखा था ?

(A) रॉयल कमीशन
(B) बलवंत राय मेहता कमेटी
(C) इनमें से कोई नहीं
(D) अशोक मेहता कमेटी

Who had proposed the idea of three tier Panchayati Raj System ?

(A) Royal Commission
(B) Balwant Rai Mehta Committee
(C) None of these
(D) Ashok Mehta Committee

46. कर्कटजनक रसायन से होता है
(A) कैन्सर (B) हृदय रोग
(C) दमा (अस्थमा) (D) मधुमेह
Carcinogenic chemicals cause
(A) Cancer (B) Heart diseases
(C) Asthma (D) Diabetes

47. त्वचा की ऊपरी सतह क्या कहलाती है ?
(A) चर्म (डर्मिस)
(B) अंतश्चर्म (एंडोडर्मिस)
(C) विशिष्ट चर्म (स्पेशियल डर्मिस)
(D) अधिचर्म (एपिडर्मिस)
Name the upper layer of the skin :
(A) Dermis (B) Endodermis
(C) Special Dermis (D) Epidermis

48. बिजली का प्रवाह सर्किट में कब होता है ?
(A) स्विच बंद या चालू होने पर
(B) स्विच चालू होने पर
(C) इसमें कोई वोल्टेज नहीं होता
(D) स्विच बंद होने पर
Current flows in a circuit when
(A) The switch is either opened or closed.
(B) A switch is opened.
(C) There is no voltage.
(D) A switch is closed.

49. प्रतिरोध की S.I. इकाई क्या है ?
(A) वोल्ट (B) फैराडे
(C) ऐम्पियर (D) ओह्म
What is the S.I. Unit of resistance ?
(A) Volt (B) Faraday
(C) Ampere (D) Ohm

50. नींबू का खट्टा स्वाद इनमें से किसकी उपस्थिति के कारण होता है ?
(A) ऑक्सेलिक अम्ल (B) साइट्रिक अम्ल
(C) फॉर्मिक अम्ल (D) एसीटिक अम्ल
Sour taste of lemon is due to the presence of which of the following ?
(A) Oxalic acid (B) Citric acid
(C) Formic acid (D) Acetic acid

51. एक शहर की जनसंख्या में 4% की वार्षिक वृद्धि होती है परन्तु स्थानांतरण के कारण $\frac{1}{2}$% वार्षिक तक घट भी जाती है । तीन वर्षों में वृद्धि का प्रतिशत क्या होगा ?
The population of a town increases 4% annually but is decreased by migration annually to the extent of $\frac{1}{2}$%. What will be the increase percent in three years ?
(A) 10.5 (B) 9.8
(C) 10.8 (D) 10

52. यदि $\sqrt{\left(1+\frac{27}{169}\right)} = \left(1+\frac{x}{13}\right)$, तो $x$ का मान है :
If $\sqrt{\left(1+\frac{27}{169}\right)} = \left(1+\frac{x}{13}\right)$, then the value of $x$ is :
(A) 5 (B) 1
(C) 7 (D) 3

53. $37\frac{1}{2}$ में कुल कितने $\frac{1}{8}$ हैं ?
(A) 500
(B) 300
(C) निर्धारित नहीं कर सकते
(D) 400
How many $\frac{1}{8}$'s are there in $37\frac{1}{2}$?
(A) 500
(B) 300
(C) cannot be determined
(D) 400

54. $\sqrt{\frac{36.1}{102.4}} = ?$
(A) $\frac{19}{32}$ (B) $\frac{29}{32}$
(C) $\frac{29}{62}$ (D) $\frac{19}{72}$

**55.** 13 परिणामों का औसत 68 है । पहले सात का औसत 63 है और आखिरी सात का औसत 70 है, तो सातवें का परिणाम है –

The average of 13 results is 68. The average of first seven is 63 and that of the last seven is 70, the seventh result is :

(A) 73.5 (B) 47

(C) 94 (D) 65.5

**56.** 'दूध का दूध और पानी का पानी करना' मुहावरे का अर्थ है :

(A) पक्षपातपूर्ण निर्णय करना

(B) दुग्ध इन्सपेक्टर होना

(C) उचित निर्णय करना

(D) मिल–जुलकर रहना

**57.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए ।

(A) बहिष्कार

(B) बहीष्कार

(C) बइष्कार

(D) बाहिष्कार

**58.** निम्न में से 'तीक्ष्ण' का विलोम शब्द क्या है ?

(A) त्यागी (B) तीव्र

(C) कुण्ठित (D) तृष्णा

**59.** 'गजवदन' का पर्यायवाची है

(A) गणपति (B) गर्जन

(C) विष्णु (D) मेघनाद

**60.** 'काँटों से भरा हुआ' वाक्य के लिए नीचे दिए गए विकल्प में से एक शब्द चुनिये :

(A) कुचैला

(B) कंटक

(C) कंटकाकीर्ण

(D) विकीर्ण

**Directions :** Read the passage carefully and answer the corresponding questions : **(61-63)**

I climbed into bed and rolled myself in my blankets, first extinguishing the light that burned steadily near the door. I lay still trying to get to sleep but my fear made that impossible and soon I sat up in bed peering into the darkness and occasionally glancing at the round window in the side of the ship which seemed like a plate suspended in the darkness. For an hour I must have sat like this, and then I was suddenly roused, by a drought of cold air. I jumped out of bed; not having allowed for the motion of the ship, I was instantly thrown violently across the room.

**61.** The author sat peering into the darkness because

(A) the window had looked like a plate

(B) he had put out the light.

(C) he was afraid.

(D) he wished to see the window.

**62.** The author jumped out of bed because

(A) a cold breeze blew past his face.

(B) he heard a faint sound.

(C) he was pushed by someone.

(D) he saw someone coming towards him.

**63.** Which one of the following did the author do first ?

(A) Rolling himself into blankets.

(B) Closing the door.

(C) None of these

(D) Climbing into bed.

**64.** Give Antonym for the following word : Keen

(A) Humble (B) Dull

(C) Eager (D) Alert

**65.** Give Synonym for the following word : Pride

(A) Dignity (B) Humour

(C) Cowardice (D) Hate

**66.** एक आदमी ने एक महिला से कहा, "तुम्हारी माँ के पति की बहन मेरी बुआ है ।" वह महिला उस आदमी से किस प्रकार संबंधित है ?

(A) माँ (B) पुत्री
(C) बहन (D) पोती

A man said to a lady, "Your mother's husband's sister is my aunt (Bua)." How is the lady related to the man ?

(A) Mother (B) Daughter
(C) Sister (D) Grand daughter

**67.** दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द का चयन कीजिए :

कुत्ता : रेबीज़ : : मच्छर : ?

(A) मलेरिया (B) प्लेग
(C) डसना (D) मृत्यु

Select the related word from the given alternatives :

Dog : Rabbies : : Mosquito : ?

(A) Malaria (B) Plague
(C) Stings (D) Death

**68.** उस शब्द का चयन कीजिए जो समूह के बाकी शब्दों से मेल नहीं रखता ।

(A) मुनि (B) नन (धर्मसंघिनी)
(C) पादरी (D) शूरवीर

Choose the word which is least like the other words in the group :

(A) Monk (B) Nun
(C) Priest (D) Knight

**69.** किसी निश्चित कूट भाषा में COMPUTRONE को लिखा जाता है PMOCTUENOR । इसी कूट भाषा में ADVANTAGES को क्या लिखा जाएगा ?

In a certain code language, COMPUTRONE is written as PMOCTUENOR. How is ADVANTAGES written in that code ?

(A) AVDATASEGN
(B) SEGATNAVAD
(C) NAVDASEGAT
(D) AVDATNSEGA

**70.** योग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारत में किसके द्वारा मोबाइल एप "नमस्ते योग" शुरू किया गया ?

(A) आयुष मंत्रालय
(B) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
(C) इनमें से कोई नहीं
(D) गृह मंत्रालय

To raise awareness about Yoga, Mobile app "Namaste Yoga" launched by whom in India?

(A) Ministry of Ayush
(B) Ministry of Health and Family Welfare
(C) None of these
(D) Ministry of Home Affairs

**71.** यदि 18 फरवरी, 2005 को शुक्रवार है, तो 18 फरवरी, 2007 को कौन सा दिन होगा ?

(A) मंगलवार (B) रविवार
(C) बुधवार (D) सोमवार

If 18th February, 2005 falls on Friday then what will be the day on 18th February, 2007 ?

(A) Tuesday (B) Sunday
(C) Wednesday (D) Monday

**72.** भारत के उस प्रथम राज्य का नाम क्या है जिसने अपने सभी निवासियों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया है ?

(A) राजस्थान (B) गुजरात
(C) कर्नाटक (D) तेलंगाना

Name the state of India which became the first state to provide health insurance for all its residents.

(A) Rajasthan (B) Gujarat
(C) Karnataka (D) Telangana

**73.** आर.बी.आई. ने 22 जुलाई, 2021 से किस भुगतान तंत्र को नए कार्ड जारी करने पर प्रतिबंध लगा दिया है ?

(A) रूपे (B) मास्टरकार्ड
(C) इनमें से कोई नहीं (D) विज़ा

Which payment system has been barred by RBI from issuing new cards from 22 July, 2021 ?

(A) Rupay (B) Mastercard
(C) None of these (D) Visa

**74.** वर्ष 2021 के लिए किस देश का पासपोर्ट विश्व में सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट की श्रेणी में सबसे ऊपर है ?

(A) भारत (B) रूस
(C) जापान (D) यू.एस.

Which country's passport has topped in the most powerful passport in the world for the year 2021 ?

(A) India (B) Russia
(C) Japan (D) U.S.

**75.** टोक्यो पैरालिम्पिक्स 2021 में किसको भारतीय दल के ध्वज–वाहक के लिए नामित किया गया ?

(A) देवेन्द्र झाझरिया (B) कशिश लाकड़ा
(C) अजीत सिंह (D) मरियप्पन थंगवेलू

Who has been named the flag-bearer of the Indian contingent in the Tokyo Paralympics 2021?

(A) Devendra Jhajharia
(B) Kashish Lakra
(C) Ajeet Singh
(D) Mariyappan Thangavelu

**76.** 2021-22 के दूसरे क्वार्टर (जुलाई–सितंबर) के लिए सुकन्या समृद्धि खाते की ब्याज दर क्या है ?

What is the interest rate on Sukanya Samriddhi Accounts for second quarter (July-Sept) of 2021-22 ?

(A) 8.6% (B) 7.6%
(C) 9.6% (D) 6.6%

**77.** भारतीय सेना ने कश्मीर में अपनी एक फायरिंग रेंज का नाम बॉलीवुड अभिनेत्री _______ के नाम पर रखा है ।

(A) दीपिका पादुकोण (B) ऐश्वर्या राय बच्चन
(C) विद्या बालन (D) प्रियंका चोपड़ा

The Indian Army has named one of its firing ranges in Kashmir after Bollywood actress _______.

(A) Deepika Padukone
(B) Aishwarya Rai Bachchan
(C) Vidya Balan
(D) Priyanka Chopra

**78.** निम्न में से किस देश को "थंडर ड्रेगन" की भूमि के नाम से जाना जाता है ?

(A) नेपाल (B) जापान
(C) श्रीलंका (D) भूटान

Which of the following countries is known as the land of "Thunder Dragon" ?

(A) Nepal (B) Japan
(C) Srilanka (D) Bhutan

**79.** रियाद किस देश की राजधानी है ?

(A) सऊदी अरब (B) म्यांमार
(C) इनमें से कोई नहीं (D) बांग्लादेश

Riyadh is the capital of which country ?

(A) Saudi Arabia (B) Myanmar
(C) None of these (D) Bangladesh

**80.** तमिलनाडु विधान सभा 2021 का चुनाव किस राजनीतिक दल ने जीता ?

(A) ए.आई.ए.डी.एम.के.(B) डी.एम.के.
(C) पी.एम.के. (D) बी.जे.पी.

Tamil Nadu Assembly Election 2021 was won by which political party ?

(A) AIADMK (B) DMK
(C) PMK (D) BJP

**81.** वैश्विक शांति सूचकांक 2021 में कौन सा देश शीर्ष पर है ?

(A) आइसलैण्ड (B) डेनमार्क
(C) पुर्तगाल (D) न्यूजीलैण्ड

Global Peace Index 2021 topped by which country ?

(A) Iceland (B) Denmark
(C) Portugal (D) New Zealand

**82.** कौन सी राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री दलित सशक्तीकरण योजना को लागू किया है ?

(A) तमिलनाडु (B) तेलंगाना
(C) बिहार (D) आन्ध्र प्रदेश

Which state government implements Chief Minister Dalit Empowerment Programme ?

(A) Tamil Nadu (B) Telangana
(C) Bihar (D) Andhra Pradesh

**83.** अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय कहाँ स्थित है ?

(A) एमस्टर्डम (B) जिनेवा

(C) वियना (D) द हेग

The International Court of Justice is located at

(A) Amsterdam (B) Geneva

(C) Vienna (D) The Hague

**84.** विश्व प्रसिद्ध 'खजुराहो' मूर्तिकलाएँ स्थित हैं –

(A) ओडिशा में (B) गुजरात में

(C) महाराष्ट्र में (D) मध्य प्रदेश में

The world famous 'Khajuraho' sculptures are located in

(A) Odisha

(B) Gujarat

(C) Maharashtra

(D) Madhya Pradesh

**85.** क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का निम्न में से कौन सा राज्य सबसे छोटा है ?

(A) मेघालय (B) सिक्किम

(C) मिजोरम (D) गोआ

Which of the following is the smallest state (in Area) of India ?

(A) Meghalaya (B) Sikkim

(C) Mizoram (D) Goa

**86.** राज्य सभा के चुने हुए सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्ष का होता है ?

(A) 6 वर्ष (B) 2 वर्ष

(C) 8 वर्ष (D) 4 वर्ष

What is the tenure of the elected members of Rajya Sabha?

(A) 6 Years (B) 2 Years

(C) 8 Years (D) 4 Years

**87.** विश्व में संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है ?

(A) 27 नवंबर (B) 20 अक्टूबर

(C) 30 नवंबर (D) 24 अक्टूबर

When is the United Nations Day celebrated across the world ?

(A) November 27 (B) October 20

(C) November 30 (D) October 24

**88.** प्रसिद्ध नबकालेबारा उत्सव इनमें से किस राज्य से सम्बद्ध है ?

(A) राजस्थान (B) केरल

(C) ओडिशा (D) बिहार

The famous Nabakalebara festival belongs to which of the following states?

(A) Rajasthan

(B) Kerala

(C) Odisha

(D) Bihar

**89.** निम्न में से कौन सी एक हरितगृह गैस नहीं है ?

(A) कार्बन डाइऑक्साइड

(B) मीथेन

(C) क्लोरोफ्लुओरोकार्बन (CFC)

(D) नाइट्रोजन

Which of the following is not a green house gas ?

(A) Carbon dioxide

(B) Methane

(C) Chlorofluorocarbon (CFC)

(D) Nitrogen

**90.** अर्जुन पुरस्कार किसलिए दिए जाते हैं ?

(A) खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए

(B) आपातकालीन स्थिति में विशिष्ट सेवा के लिए

(C) विशिष्ट समाज सेवाओं के लिए

(D) युद्ध में वीरता के लिए

Arjuna Award is given for

(A) Outstanding performance in sports

(B) Exceptional service in emergency

(C) Exceptional social services

(D) Bravery on battlefield

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों **(91-95)** के उत्तर चुनिए :

स्वतंत्रता संग्राम मनुष्य में उत्तम और स्पृहणीय विशेषताएँ पैदा करता है और भारतीय स्वातंत्र्य संग्राम भी इसका अपवाद नहीं है। महात्मा गाँधी के नेतृत्व में यह युद्ध बिना किसी ईर्ष्या–द्वेष तथा खून–खराबे के लड़ा गया था। गाँधीजी इसे सत्याग्रह कहते थे। इसके पीछे उनकी शिक्षा, धार्मिक आस्था तथा अन्य उपलब्धियों का उतना हाथ नहीं था जितना उनके सदाचरण और व्यवहार का। इस स्वातंत्र्य आंदोलन को स्मरण रखने का मुख्य कारण यह है कि यह जनतांत्रिक था अर्थात् इसमें देश के हर वर्ग और जाति के लोग सम्मिलित थे, चाहे वे धनी हों या गरीब, नर हों या नारी हों अथवा विभिन्न संप्रदायों के। इसके साथ ही यह एक धर्मनिरपेक्ष और स्वतंत्रता कर्मियों का संघर्षशील राष्ट्रीय आंदोलन था। स्वतंत्र भारत के नागरिक के रूप में हम आज जनतांत्रिकता और धर्म–निरपेक्षता का लाभ उठा रहे हैं। हम सोच नहीं सकते कि इतने बड़े देश में अपना शासन करने के लिए हम अपना प्रतिनिधि नहीं चुन सकते थे या कोई गंदा कानून लागू कर दिया जाता तो हम उसके विरुद्ध आवाज नहीं उठा सकते थे और हम अपनी राय स्वतंत्रतापूर्वक व्यक्त नहीं कर सकते थे।

**91.** धर्मनिरपेक्षता से अभिप्राय है

(A) धर्म की अवज्ञा

(B) सभी धर्मों का आदर

(C) किसी भी धर्म को न मानना

(D) धर्म में हस्तक्षेप न करना

**92.** कैसे माना जाए कि हमारा स्वतंत्रता संग्राम जनतांत्रिक था ?

(A) यह स्वतंत्रता–प्रेमियों का आंदोलन था।

(B) यह महात्मा गाँधी के सद्व्यवहार और सदाचरण का प्रतीक था।

(C) इसमें सभी जातियों, वर्गों, धर्मों के लोगों ने भाग लिया था।

(D) इसमें हिन्दू और मुसलमान सम्मिलित हुए थे।

**93.** उपर्युक्त गद्यांश में प्रयुक्त 'स्पृहणीय' शब्द का अर्थ है –

(A) त्याग करने योग्य (B) प्राप्त करने योग्य

(C) त्याग की हुई (D) प्राप्त की हुई

**94.** उपर्युक्त गद्यांश में लेखक ने मुख्य रूप से बताया है कि

(A) गुलाम देश की दशा कैसी थी।

(B) आजादी में क्रांतिकारियों की विशेष भूमिका थी।

(C) महात्मा गाँधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आंदोलन कैसा था।

(D) आजादी के संघर्ष में कृषकों का क्या योगदान था।

**95.** उपर्युक्त गद्यांश के लेखक का उद्देश्य क्या था ?

(A) अंग्रेजी राज्य के दोष गिनाना।

(B) धार्मिक आस्थाओं और सद्व्यवहार को बढ़ावा देना।

(C) जनतांत्रिकता से हानि बताना।

(D) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की विशेषता बताना।

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों **(96-100)** के उत्तर चुनिए :

विधाता–रचित इस सृष्टि का सिरमौर है मनुष्य। उसकी कारीगरी का सर्वोत्तम नमूना। इस मानव को ब्रह्माण्ड का लघु रूप मानकर भारतीय दार्शनिकों ने 'यत् पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे' की कल्पना की थी। उनकी यह कल्पना मात्र कल्पना नहीं थी, प्रत्युत यथार्थ भी थी क्योंकि मानव–मन में जो विचारणा के रूप में घटित होता है, उसी का कृति रूप ही तो सृष्टि है। मन तो मन, मानव का शरीर भी अप्रतिम है। देखने में इससे भव्य, आकर्षक एवं लावण्यमय रूप सृष्टि में अन्यत्र कहाँ है ? अद्भुत एवं अद्वितीय है मानव–सौन्दर्य ! साहित्यकारों ने इसके रूप–सौन्दर्य के

वर्णन के लिए कितने ही अप्रस्तुतों का विधान किया है और इस सौन्दर्य-राशि से सभी को आप्यायित करने के लिए अनेक काव्य सृष्टियाँ रच डाली हैं ।

साहित्यशास्त्रियों ने भी इसी मानव की भावनाओं का विवेचन करते हुए अनेक रसों का निरूपण किया है । परन्तु वैज्ञानिक दृष्टि से विचार किया जाए तो मानव-शरीर को एक जटिल यन्त्र से उपमित किया जा सकता है । जिस प्रकार यन्त्र के एक पुर्जे में दोष आ जाने पर सारा यन्त्र गड़बड़ा जाता है, बेकार हो जाता है उसी प्रकार मानव-शरीर के विभिन्न अवयवों में से यदि कोई एक अवयव भी बिगड़ जाता है तो उसका प्रभाव सारे शरीर पर पड़ता है । इतना ही नहीं, गुर्दे जैसे कोमल एवं नाजुक हिस्से के खराब हो जाने से यह गतिशील वपुयन्त्र एकाएक अवरुद्ध हो सकता है, व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है । एक अंग के विकृत होने पर सारा शरीर दण्डित हो, वह कालकवलित हो जाए – यह विचारणीय है ।

यदि किसी यन्त्र के पुर्जे को बदलकर उसके स्थान पर नया पुर्जा लगाकर यन्त्र को पूर्ववत सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से क्रियाशील बनाया जा सकता है तो शरीर के विकृत अंग के स्थान पर नव्य निरामय अंग लगाकर शरीर को स्वस्थ एवं सामान्य क्यों नहीं बनाया जा सकता ? शल्य-चिकित्सकों ने इस दायित्वपूर्ण चुनौती को स्वीकार किया तथा निरन्तर अध्यवसाय पूर्णसाधना के अनन्तर अंग-प्रत्यारोपण के क्षेत्र में सफलता प्राप्त की । अंग-प्रत्यारोपण का उद्देश्य है कि मनुष्य दीर्घायु प्राप्त कर सके । यहाँ यह ध्यातव्य है कि मानव-शरीर हर किसी के अंग को उसी प्रकार स्वीकार नहीं करता, जिस प्रकार हर किसी का रक्त उसे स्वीकार्य नहीं होता । रोगी को रक्त देने से पूर्व रक्त-वर्ग का परीक्षण अत्यावश्यक है, तो अंग-प्रत्यारोपण से पूर्व ऊतक-परीक्षण अनिवार्य है । आज का शल्य-चिकित्सक गुर्दे, यकृत, आँत, फेफड़े और हृदय का प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक कर रहा है । साधन-सम्पन्न चिकित्सालयों में मस्तिष्क के अतिरिक्त शरीर के प्रायः सभी अंगों का प्रत्यारोपण सम्भव हो गया है ।

**96.** शल्य-चिकित्सकों द्वारा स्वीकार की गई दायित्वपूर्ण चुनौती थी

(A) अंग-प्रत्यारोपण द्वारा शरीर को सामान्य बनाना

(B) जीर्ण शरीर के स्थान पर स्वस्थ शरीर देना

(C) शल्य-चिकित्सा का महत्त्व स्थापित करना

(D) मानव-शरीर को मृत्यु से बचाना

**97.** अनुच्छेद में प्रयुक्त 'निरामय' शब्द का पर्याय है

(A) अद्‌भुत　　(B) सुन्दर

(C) नवीन　　(D) स्वस्थ

**98.** मानव को सृष्टि का लघु रूप माना गया है क्योंकि

(A) मन की शक्ति अपराजेय है ।

(B) मानव-मन में जो घटित होता है, वही सृष्टि में घटित होता है ।

(C) लघु मानव ही विधाता की सच्ची सृष्टि है ।

(D) मानव सृष्टि का सिरमौर है ।

**99.** वैज्ञानिक दृष्टि का अपेक्षाकृत अभाव होता है

(A) शल्य-चिकित्सक में

(B) साहित्यकार में

(C) वैज्ञानिक में

(D) साहित्यशास्त्री में

**100.** मानव शरीर को यन्त्रवत् कहा गया है क्योंकि

(A) अवयव रूपी पुर्जों के विकृत होने से शरीर यन्त्रवत् निष्क्रिय हो जाता है ।

(B) मानव शरीर दृढ़ माँसपेशियों और अवयवों से निर्मित है ।

(C) मानव शरीर विधाता की सृष्टि की अनुपम कृति है ।

(D) मानव शरीर यन्त्र की भाँति लावण्यमय होता है ।

**कच्चे काम के लिये जगह / SPACE FOR ROUGH WORK**